## सार-समाचार

### चोरों ने कई वाहन चुराए

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट में सक्रिय वाहन चोरों ने अलग अलग स्थानों से आधा दर्जन से ज्यादा बाइक्स को चुरा लिया। संबंधित थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किए है। शास्त्रीनगर पुलिस ने बताया कि श्रीराम नगर निवासी विक्रम सिंह पुत्र गोविंद सिंह पंवार ने दी। इसमें बताया कि ए सेक्टर में खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया। इसी तरह देवनगर थाने में दी रिपोर्ट में चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड निवासी संजय कल्याणी पुत्र भगवानदास कल्याणी ने पुलिस को बताया कि उसके घर के बाहर खड़ी बाइक कोई चुरा ले गया। जबकि विवेक विहार थाना पुलिस ने बताया कि मामा अचलेश्वर नगर सांगरिया निवासी हेमाराम पुत्र रामदेव कुड़ी गांव आया हुआ था, जहां से अज्ञात शख्स उसकी बाइक को चुरा ले गया। इधर राजीव गांधी नगर थाने में दी रिपोर्ट में मौलाना अब्दुल कलाम आजाद नगर गंगाणा रोड निवासी शाहिद हुसैन पुत्र मो. हुसैन की बाइक बकरामंडी से कोई चुरा ले गया। सूरसागर थाने में सोढ़ों की डाणी सूरसागर निवासी नरेन्द्र भाटी पुत्र ताराचंद भाटी ने पुलिस को बताया कि 4 जून को वह रूपावतों का बेरा क्षेत्र में गया था जहां पर खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया। इधर महामंदिर पुलिस के अनुसार बस स्टेण्ड भोपालगढ़ हाल भदवासिया फ्रूट मंडी में व्यापार करने वाले रामदयाल पुत्र झीपरराम माली की बाइक दुकान के आगे से चोरी हो गई।

### सामूहिक सामायिक का आयोजन

**पाली,** (नि.सं.)। श्री जिनकुशल सूरी जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ संघ के श्री कुशलकान्ति आराधना भवन में डॉ. साध्वी विधुतप्रभा श्रीजी ने प्रवचन में बताया कि तीन शब्दों में जीवन को समेटा जा सकता है। निर्वाह,निर्माण एवं निर्वाण। निर्वाह और निर्माण तो हर जन्म में होता है परंतु निर्माण का लक्ष्य मात्र मनुष्य जीवन में ही संभव है जीवन की प्राप्ति से ज्यादा उपलब्धि महत्वपूर्ण है प्राप्ति हम सबको हुई है पर हमने जीवन का ढांचा मानवता से परिपूर्ण तैयार नहीं किया तो मात्र जीवन का निर्माण ही होगा। साध्वी जी ने माताजी मारासा श्री रतनमाला श्रीजी मारासा की छह मासी पुण्यतिथि पर बोलते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन का ही निर्माण नही किया बल्कि हम दोनों भाई बहिन गच्छाधिपति गुरुदेव मणिप्रभसूरी जी एवं मेरा इस प्रकार का निर्माण किया कि आज हम साधक जीवन का आनंद ले रहे हैं। आज माताजी मारासा की छः मासी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में संघ द्वारा सामूहिक सामायिक का आयोजन किया गया।

### अवैध पानी चोरी करने का मामला

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर क्षेत्र में पेयजल लाइन को तोडक़र अवैध कनेक्शन कर पानी चुराने का केस नामजद लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ है। इस बारे में फिल्टर हाउस पर कार्यरत सहायक अभियंता की तरफ से प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दी गई है। प्रतापनगर थाने में दी रिपोर्ट में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर उपखंड चौपासनी फिल्टर हाउस पर कार्यरत सहायक अभियंता राधा रानी गहलोत की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि हुडको क्वार्टर क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा पेयजल लाइन को क्षितठास्त कर अवैध कनेक्शन किए जाने की जानकारी मिली थी। जिस पर पता किया गया। मौके जाने पर वहां रहने वाले संतोष चोपड़ा, संदीप जैन आदि द्वारा अवैध कनेक्शन कर पानी को चोरी करते पाया गया। प्रतापनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दूसरी जाति में शादी करने पर धमकी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के एक युवक ने अन्य जाति में जाकर शादी कर ली। अब उसके परिवार को समाज से बहिष्कृत करने की धमकी दी जा रही है। युवक के पिता की तरफ से पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने इस संबंध में अब जांच आरंभ की है। सूरसागर पुलिस ने बताया कि रेलवे स्टेशन के पास लूणी निवासी तुलसीराम पुत्र भगवानराम ओड ने रिपोर्ट दी। बताया कि उसके पुत्र ने अन्य जाति की महिला से शादी रचा ली थी। जोकि समाज के लोगों को नागवार लगी। समाज के कुछ पंचों ने परिवार को समाज से बहिष्कृत किए जाने की धमकी दी है। उस पर अर्थ दण्ड के लिए परेशान किया जा रहा है। सूरसागर पुलिस ने इस बारे में जितेंद्र आदि के खिलाफ केस दर्ज करते हुए अब जांच आरंभ की है।

### किराणा दुकान में चोरों ने लगाई सैंध

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के झंवर फांटा के पास में आई एक किराणा दुकान में चोरों ने रात को सैंध लगाकर वहां से नगदी के साथ हजारों का किराणा सामान और तंबाकू उत्पाद चोरी कर ले गए। इस बारे में दुकानदार की तरफ से बोरानाडा थाने में रिपोर्ट दी गई। बोरानाडा पुलिस ने बताया कि जाटों का बास, बोरानाडा निवासी दल्लाराम पुत्र मंगलाराम जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें पुलिस को बताया कि उसकी झंवर फांटा बोरानाडा पर किराणा दुकान आयी हुई है। जहां पर दुकान में सैंधमारी करके अज्ञात चोर आधी रात में साठ हजार की नगदी के साथ हजारों का किराणा सामान और तंबाकू उत्पाद चोरी कर ले गए। सीसीटीवी फुटेज में तीन शातिर नकबजन नजर आए है। पुलिस अब इनकी पहचान कर तलाश में जुटी है। चोरों द्वारा 15 मिनट में जो सामान हाथ लगा वह ले गए।

### टांके में गिरी किशोरी की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। टांके में से पानी निकालते समय अचानक पैर फिसलने से गिरी एक किशोरी की मौत हो गई। शेरगढ़ थानाधिकारी सवाई सिंह महाबार ने बताया कि बैरीसालगढ़ भोमसागर निवासी भोम सिंह पुत्र शिवराज सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसकी भतीजी अनीता कंवर पुत्री मनोहर सिंह मवेशियों को पानी पिलाने के लिए टांके में से पानी की बाल्टी निकाल रही थी। अचानक रस्सी टूटने से बाल्टी टांके में गिर गई और फिसलन के कारण अनीता भी टांके में गिर गई। खेत में काम कर रहे मनोहर सिंह ने देखा तो तुरंत परिवार वालों ने मिलकर अनीता को टांके से बाहर निकाला और अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा।

### 'इश्क का बुखार' का लोकार्पण आज

**जोधपुर,** (कासं)। अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में युवा कहानीकार दीपा टाक के कहानी संग्रह 'इश्क का बुखार' का लोकार्पण 8 जून की शाम डॉ मदन सावित्री डागा साहित्य भवन में आयोजित किया जाएगा। गांधी शांति प्रतिष्ठान के सचिव डॉ भावेन्द्र शरद जैन ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री डॉ पद्मजा शर्मा करेंगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कथाकार -कवयित्री प्रगति गुप्ता ,विशिष्ट अतिथि डॉ नीना छिब्बर होंगी ।कार्यक्रम का संचालन कवयित्री -कहानीकार श्रीमती अर्चना त्यागी करेंगी। दीपा टाक के दो कविता संग्रह-तेरे आने से...तेरे जाने तक ,प्रीत के मोती -पूर्व में प्रकाशित हो चुके है। कई साझा संकलनों में आपकी कविताएं छप चुकी हैं।

### श्वानों से बचाई मादा हिरण के बच्चा हुआ

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। ग्रामीणों की सूचना पर वन्यजीव प्रेमी सुमेरसिंह भाटी ने अपनी सूझ बूझ से मादा हिरण को दो माह पूर्व जंगल में श्वानों के चंगुल से बचाकर वनविभाग डाबला रेंज जैसलमेर सत्तारखां को सुपुर्द किया था। विभाग ने अच्छी सेवा की और वनविभाग ने आज निर्जला एकादशी को खुशी की खबर दी की मादा हिरण ने नवजात बच्चे को जन्म दिया है। मां अपने आंखों से नहीं देख पा रही है लेकिन प्रयास रंग लाए दो जीवों की जान बचाई। भाटी ने खुशी जताते हुए बताया कि मूझे बहुत खुशी है की आज दो जाने सुरक्षित है वनविभाग जैसलमेर ने देखभाल करके दो जान बचाई।

### होटल में महिला से छेड़छाड़ का आरोप

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के पावटा स्थित एक होटल में महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। महिला ने होटल स्टाफ पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते मामला दर्ज कराया है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज से इस बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। उदयमंदिर पुलिस ने बताया कि एक महिला की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि वह पावटा क्षेत्र में स्थित द अबर्र स्टे होटल में आई थी। जहां पर होटल स्टाफ द्वारा बदसलूकी करते हुए छेड़छाड़ की गई। पुलिस ने बहरहाल प्रकरण में जांच आरंभ की है।

### बाल श्रमिक को मुक्त कराया

**जोधपुर,** (कासं)। खेतानाड़ी क्षेत्र में एक स्थान पर पुलिस ने एक बालश्रमिक को मुक्त करवाया। दुकान के संचालक के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। महामंदिर थाने के एसआई जसवंत सिंह ने खेतानाड़ी महामंदिर क्षेत्र में एक दुकान पर रेड दी। जहां पर एक बालक को बालश्रम करते पाया। इस पर उसे मुक्त करवा सुधार गृह भिजवाया गया। दुकानदार सुरेश के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# जालोरी गेट ईदगाह सहित सभी मस्जिदों में सामूहिक नमाज हुई

**जोधपुर,** (कासं)। पैगम्बर हजरत इब्राहिम अलैहस्सलाम के बलिदान एवं मजहबे इस्लाम के पांचवे रूक्न की याद में शनिवार को ईदुल अजहा (बकरीद) पर्व पारंपरिक तरीके से अकीदत व ऐहतराम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईदगाह व मस्जिदों में सामूहिक नमाज हुई। नमाज के बाद देश-दुनिया में अमनों-चैन, शांति कायम रखने की दुआ की गई। इसके बाद एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी गई और फिर अल्लाह की राह में कुर्बानी का दौर शुरू हुआ।

जालोरी गेट स्थित बड़ी ईदगाह के वसी मैदान में आध्यात्मिक इस्लामी संस्थान दारूल उलूम इस्हाकिया के मुफ्ती ए आजम राजस्थान शेर मोहम्मद रिजवी व शहर खतीब काजी मोहम्मद तय्यब अंसारी की सरपरस्ती में ईदगाह मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद हुसैन अशरफी ने नमाज अदा करवाई।

इसके साथ ही शहर के तमाम मस्जिदों में भी इस मौके पर नमाज अदा कर मुस्लिम भाइयों ने ईद की मुबारकबाद दी।

नमाज के बाद अमन-चैन व भाईचारगी की दुआएं की। इस दौरान नगर निगम व पूर्व नरेश गजसिंह की ओर से मारवाड़ की अपणायत की गंगा जमुनी तहजीब की परम्परा को कायम रखते हुए ईदगाह मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद हुसैन अशरफी व शहर खतीब काजी मोहम्मद तैयब अंसारी का गुलपोशी, मारवाड़ी साफा व बधाई संदेश के माध्यम से इस्तकबाल किया गया। ईदुल अजहा के मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से मुस्लिम समुदाय के लिए शांति, आपसी सौहार्द व मुहब्बत का पैगाम को नमाज अदायगी के बाद इकबाल खान की ओर से पढकर सुनाया गया।

इस दौरान पूर्व विधायक शहर मनीषा पंवार, कांग्रेस के दक्षिण जिलाध्यक्ष नरेश जोशी, ओमकार वर्मा, समाजसेवी इकबाल खान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा नेता मोहम्मद यूसुफ चौधरी, क्षेत्रीय पार्षद इलियास मोहम्मद, मोहम्मद अतीक, उस्ताद हाजी हमीम बक्ष, अब्दुल हमीद, मोहम्मद जावेद, पीर मोहम्मद सहित जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।

वहीं शहर की सभी अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई और नमाज के बाद एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद भी दी गई। कुर्बानी के लिए बकरों की खरीद का दौर आज भी जारी रहा। उपनगरीय क्षेत्र गंगाणा रोड स्थित चौखा में लगी अस्थाई बकरामंडी में बकरों की खरीद फरोख्त का क्रम जारी रहा। कुर्बानी का दौर तीन दिन तक चलता है। वहीं नई सडक, घंटाघर, त्रिपोलिया बाजार, कटला बाजार, सरदारपुरा बी और सी रोड सहित विभिन्न मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में भी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। ईदुल अजहा की नमाज के बाद शहर के मुस्लिम भाइयों ने कुर्बानी की रस्म अपने अपने घरों में अदा की।

### संवेदनशील एरिया पुलिस जाब्ता

ईद को लेकर शहर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया गया। वहीं जालोरी गेट सर्कल के चारों तरफ बैरिकेडिंग कर सुरक्षा घेरे में लिया गया। भीतरी शहर के अलावा जालोरी गेट, मुख्य ईदगाह और शहर के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया।

वहीं सोशल मीडिया पर भी गोपनीय तरीके से नजर रखी गई है। सुरक्षा की दृष्टि से हर जगह पुलिसकर्मियों को सादे वस्त्रों में भी तैनात किया गया। पुलिस कमिश्नर राजेंद्र सिंह के निर्देशन में डीसीपी राजर्षि राज वर्मा और आलोक श्रीवास्तव अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहे।

# जोराराम कुमावत ने पशुपालकों के हाल जाने

**जोधपुर,** (कासं)। तिंवरी के प्राचीन खोखरी माता मंदिर परिसर में शनिवार को पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने पशुपालकों के साथ चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी और जमीनी स्तर की समस्याएं सुनीं। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि विभाग हर पशुपालक के साथ खड़ा है और समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक भैराराम सियोल ने तिंवरी क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में गोचर भूमि की पैमाइश की मांग उठाई।

उन्होंने अवैध कब्जे हटाकर भूमि को गौशालाओं के नाम आवंटित करने और तिंवरी के प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय को बहुउद्देश्यीय केंद्र में बदलने की बात कही।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 10 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। मंत्री ने बताया कि अब तक 21 लाख पशुओं का बीमा किया जा चुका है, जबकि अगले वित्त वर्ष में यह संख्या 42 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य है।पशुपालकों को उन्नत नस्ल के प्रजनन के लिए सरकार 75 प्रतिशत सब्सिडी पर सेक्स शॉर्टेड सीमन उपलब्ध करा रही है।

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी और पशुधन में गुणात्मक सुधार लाएगी।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने गौसेवा संस्थाओं ने गौशालाओं को मिलने वाले 9 माह के अनुदान को बढ़ाकर 12 माह करने की मांग रखी।

कार्यक्रम में पशुपालकों ने चारे की कमी, चिकित्सा सेवाओं की नियमितता और दवाओं की उपलब्धता जैसे मुद्दे उठाए। मंत्री कुमावत ने विभागीय अधिकारियों को इन सभी समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष त्रिभुवनसिंह भाटी, प्रधान नीलम भाटिया, बीजेपी मंडल अध्यक्ष ओमाराम चौधरी, किसान संघ नेता रामचंद्रसिंह भुकर सहित बड़ी संख्या में पशुपालक मौजूद रहे।पशुपालन विभाग से डॉ. अरविंद पंवार, डॉ. रविंद्र चावला, डॉ. जगजीवन राव और डॉ. बाबूराम चौधरी भी उपस्थित रहे।

# अकीदत व एहतराम से ईदुल अज़हा मनाई

**पाली,** (नि.सं.)। पाली जिला मुस्लिम समाज ने शनिवार को कुर्बानी का पर्व ईदुल अज़्हा ( बकरा ईद ) अकीदत और एहतराम से मनाई।

जिला मुस्लिम समाज प्रवक्ता शकील अहमद नागौरी ने जानकारी देते हुए बताया की ईदुल अज़हा का मौका हम सबको अल्लाह की राह में कुर्बानी देकर इस दिन हजरत इब्राहिम अलेह सलाम ईमान ओर यकीन की मजबूती के साथ उनके तववकुल को याद करने का का दिन है हम सब अपने अंदर की बुराइयों की भी कुर्बानी देकर मोहब्बत भाईचारे और अमन का पैगाम फैलाए।

पाली शहर के मुख्य ईदगाह में तकरीरी बयान के बाद मौलाना कफील दानिश रजा ने मोमिनो को ईदुल अज़्हा की नमाज अदा करवाई और ख़ुत्बा पढ़ा नमाज अदा करने के बाद देश प्रदेश में अमन चैन व् खुशहाली व प्रदेश में अच्छी बारिश की दुआए मांगी गई।

इस अवसर पर मुस्लिम समाज सदर मोहम्मद हकीम व सेकेट्री हाजी रफ़ीक गोरी,उपाध्यक्ष हाजी मेहबूब टी के नेतृत्व में मोमिनो ने मौलाना दानिश कफिल का दस्तार बन्दी कर गुलपोशी की गई। ईदुल अज़्हा के मौके पर पाली शहर की मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई जिसमे मस्जिदों के पेश इमामो ने नमाज अदा करवाई।

पेश इमाम ने पाली शहर की विभिन मस्जिदों में ईदुल अज़्हा की नमाज अदा करवाई व दारुल उलूम फैजाने गरीब नवाज में मुफ़्ती रईस अहमद मंजरी , मस्जिद खेरादियाँ मौलाना मुजफ्फर हुसैन ,प्यारा चोक बड़ी मस्जिद में मौलाना खलील अहमद अकबरी , मस्जिद चूड़ीगरान में सूफी अब्दुल रहीम साहब , ,नाड़ी मोहल्ला बड़ी मस्जिद हाफिज मोहम्मद इस्माइल , नाड़ी मोहल्ला छोटी मस्जिद मौलाना अंसार अहमद ,मस्जिद घोसियांन हाफिज मोहम्मद यूसफ साहब , मस्जिद सिंधियान मौलाना अजीज अहमद , मौलाना बशीर खान मुसाफिर खाना अब्दुल सत्तार कादरी ,और कालू कॉलनी में हफिजो कारी मौलाना मुज्मिल हुसेन ,धर्मपुरा फातमा मस्जिद में मौलाना इदरीश रजा, मस्जिद रंगरेजान में मौलाना दिलदार अशरफी , गरीब नवाज मस्जिद मौलाना कौशर रजा ,औद्योकिक क्षेत्र पुनायता मस्जिद में मौलाना हाफिज मोबिन साहब ,मस्जिद राम रहीम कॉलनी मौलाना मुबारक हुसेन रिजवी ,मस्जिद चढ़वा मौलाना मोहम्मद इक़बाल ने मोमिनो को ईद उल अज़्हा की नमाज अदा कराई।

नागौरी ने बताया कि ईदगाह इंद्रा कोलानी जाव में मौलाना चांद मोहम्मद साहब व नया गांव ईदगाह में हाफिज मुश्ताक अहमद ने मोमिनो को ईदुल अजहा की नमाज अदा करवाई।

कुर्बानी अदा करने के बाद मुस्लिम मोहल्लों में रौनक रही मोमिनों ने एक दूसरे के घर जाकर बड़े बुजुर्गों से दुआएं खैर आशीर्वाद लिया व छोटे बच्चो को ईदी दी व एक दूसरे से गले मिलकर मुसाफहा लेकर मुबारकबाद दी।

इस अवसर पर समस्त पाली जिला मुस्लिम समाज सदर मोहम्मद हकीम भाई , सेकेट्री हाजी रफ़ीक गोरी,उपाध्यक्ष मेहबूब टी , सलीम मिस्कीन , जिला कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अजीज दर्द , पाली शहर कांग्रेस बाजार क्षेत्र मंडल अध्यक्ष शकील अहमद नागौरी , मंडिया रोड मंडल अध्यक्ष नगरपरिषद पार्षद बाबू भाई गौरी पार्षद , आमीन अली रंगरेज ,तालिब अली , आसिफ भाटी , अकरम खिलेरी , पार्षद प्रतिनिधि मोहसीन खत्री, शहजाद शेख , हाजी इंसाफ मोयल , हसन भाटी, अमजद अली रंगरेज , युसुफ मोयल ,हाजी सरफराज अली , सलीम राज , रफीक अब्बासी ,,असगर कुरैशी , मोहम्मद यासीन रॉयल , यासीन लोहार , युसुफ अशरफी , शाहिद पिनु , हारून मलिक , रिजवान चढ़वा , इत्यादि मुस्लिम समाज के लोगों ने विभिन्न मुस्लिम मोहल्लों में ईदुल अज़हा की मुबारकबाद दी।

## पशु चिकित्सालय व गौशाला में श्रमदान किया

**बालोतरा,**(नि.सं.)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत शनिवार को पशुधन कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, बालोतरा जिले के पशुपालन विभाग ने आज एक अनुकरणीय पहल की। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने गौशाला और स्थानीय पशु चिकित्सालय में श्रमदान कर स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस श्रमदान अभियान में विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारियों सहित सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर जसोल स्थित धोरीनाथ गौशाला, सांभरा स्थित बालाजी गौ शाला एवं प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय पायलकला परिसर की साफ-सफाई की, चारे की व्यवस्था सुधारी और पशुओं के रहने के स्थान को स्वच्छ बनाया। इसके अतिरिक्त, पशु चिकित्सालय में भी उपकरणों की साफ-सफाई, परिसर की धुलाई और औषधियों के व्यवस्थित भंडारण का कार्य किया गया।

पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. मदन गिरी ने कहा, "हमारा विभाग पशुधन के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। श्रमदान प्रतिबद्धता का एक छोटा सा हिस्सा है। हमारा मानना है कि स्वस्थ पशुधन ही स्वस्थ ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नींव है।

# संपत्ति विवाद को लेकर मां-बेटे ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दी

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर कमिश्नरेट के मथानिया थाने में अलग तरह का संपत्ति विवाद सामने आया है। मां ने बेटे के खिलाफ संपत्ति विवाद का मामला दर्ज कराया तो बेटे ने भी मां के खिलाफ साजिशन जायदाद हड़पने का आरोप लगाया है। थाने में परस्पर मामले दर्ज हुए है।

थानाधिकारी जयकिशन सोनी ने बताया कि एक महिला के परिवाद पर न्यायालय के आदेश पर बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसमें महिला ने आरोप लगाया था कि बेटे ने उसे गफलत में रख कोर्ट ले जाकर भूखंड का पंजीयन अपने नाम करा लिया। इस पर बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इसके बाद अब बेटे के परिवाद पर न्यायालय के आदेश पर मां के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दोनों मामलों में एक दूसरे पर संपत्ति हड़पने के आरोप लगाए गए हैं। इनकी जांच की जा रही है।

जोधपुर शहर में रहने वाले बेटे ने तिंवरी गांव में रह रही मां के खिलाफ न्यायालय में इस्तगासा पेश किया। इसमें बताया कि उसके पुश्तैनी गांव तिंवरी में भूखंड है, जो मां के नाम था। उसे व्यापार के लिए लोन लेने को भूखंड की आवश्यकता थी। मां की सेवा की तो मां ने 2018 में यह भूखंड की गिफ्ट डीड यानी बख्शीसनामा बेटे के नाम कर दिया। इसका कोर्ट में पंजीकरण भी करवाया गया। इसके बाद भूखंड का मालिक वह हो गया।

उसने अपने नाम से पट्टा भी उठा लिया। बेटे का आरोप है कि उस बख्शीसनामे के कुछ समय बाद ही मां ने उस पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि वह न्यायालय में इसे निरस्त करवाएं अन्यथा उसके खिलाफ मामला दर्ज करवाएगी कि दबाव में उसने भूखंड अपने नाम कराया है।

# पुलिस ने नकबजनी के दो आरोपी गिरफ्तार किए

**जोधपुर,** (कासं)। सूरसागर थाना पुलिस ने रात के समय घर में घुसकर नकबजनी की वारदात करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चांदी के जेवरात और वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है। फिलहाल चोरों से क्षेत्र में हुई आसपास की अन्य चोरियों के संबंध में पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ में चोरी की अन्य वारदातों को लेकर भी खुलासे होने की उम्मीद है।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी राहुल भील निवासी बलदेव नगर और दिलीप सिंह पुत्र ओम सिंह रावना राजपूत निवासी वस्त्र मंत्रालय के पास मुंबई योजना क्वार्टर चौपासनी पुलिस थाना राजीव गांधी नगर को गिरफ्तार किया। इनमें से आरोपी राहुल के खिलाफ पूर्व में 16 मामले दर्ज हैं। जबकि आरोपी दिलीप सिंह राजीव गांधी नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ 17 मामले दर्ज हैं।

बता दे की चोरी की वारदात को लेकर 5 जून को प्रार्थी प्रकाश भील निवास अंबेडकर नगर कालीबेरी ने रिपोर्ट दी थी। दर्ज रिपोर्ट में उसने बताया कि 4 जून की रात को उसके घर में अज्ञात चोर घुस गए और घर से मोबाइल गहने और रुपए चोरी करके ले गए। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में चोरों के बारे में पुलिस को जानकारी हासिल हुई। इस पर पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से एक मोबाइल, तीन जोड़ी चांदी की पायल और वारदात में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया गया।

पुलिस कार्रवाई में थाना अधिकारी हरिश्चंद्र सोलंकी, उप निरीक्षक मानाराम, कॉन्स्टेबल मनीष, कॉन्स्टेबल अजीत सिंह और कॉन्स्टेबल राजेंद्र शामिल रहे।

# बाड़मेर में विशेष सफाई अभियान से बदली कई इलाकों की तस्वीर

**बाड़मेर,**(नि.सं.)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत शनिवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर जिला कलक्टर टीना डाबी की अगुवाई में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान कलक्टर टीना डाबी ने अहिंसा सर्किल एवं स्टेशन रोड़ पर स्वयं झाड़ू निकालते हुए आमजन को सफाई अभियान से जुड़ने का संदेश दिया।



बाड़मेर में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जिला कलैक्टर टीना टाबी ने झाड़ू निकालकर साफ सफाई की। फोटो-राष्ट्रदूत

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप बाड़मेर जिला मुख्यालय पर शनिवार सुबह 6 बजे से वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत चौहटन चौराहे से स्टेशन रोड़ होते हुए विवेकानंद सर्किल तक सफाई अभियान चलाया गया।

इस दौरान जिला कलक्टर टीना डाबी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत, यूआईटी सचिव श्रवणसिंह राजावत, उपखंड अधिकारी वीरमाराम, कोषाधिकारी जसराज चौहान, संस्थापन अधिकारी हस्तीमल राठौड़ एवं विकास अधिकारी कैलाश कुमार, अतिरिक्त विकास अधिकारी ओंकारदान, नायब तहसीलदार ऊर्जाराम, बद्री प्रसाद शारदा के निर्देशन में केमिस्ट एसोसिएशन, तनोट डिफेंस एकेडमी के सैकड़ों विद्यार्थियों ने घेवरसिंह के नेतृत्व में, मरू गूंज संस्थान, डॉ आदर्श किशोर के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स, सीईओ स्काउट योगेंद्रसिंह के निर्देशन में स्काउट एंड गाइड, समाजसेवी रमेशसिंह इंदा एवं नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने सफाई अभियान में भागीदारी निभाई।

विशेष सफाई अभियान के दौरान कलक्टर टीना डाबी समेत प्रशासनिक अधिकारियों तथा कार्मिको ने खुद झाड़ू निकालते हुए आमजन को सफाई अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया

### प्रशासनिक अमला सड़कों पर उतरा

विशेष सफाई अभियान के दौरान जिला कलक्टर टीना डाबी के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला, एनसीसी कैडेट्स, केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य, विद्यार्थी, स्काउट एंड गाइड, सफाई कर्मचारियों ने शनिवार अल सुबह हाथों में झाड़ू, दस्ताने और स्वच्छता के प्रति जुनून लिए बाड़मेर शहर की गंदी सड़कों को साफ करने का बीड़ा उठाया।

इस अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।

जिला कलक्टर टीना डाबी के मुताबिक़ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जल संरक्षण गतिविधियों के अलावा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उनके मुताबिक इस अभियान का उद्देश्य न केवल सड़कों की सफाई करना है, बल्कि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। इस अभियान में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय लोग, एनसीसी कैडेट्स और स्वयंसेवी संगठनो के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

इस अभियान के जरिए सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर जमा कचरे को हटाने के साथ- साथ, कचरा प्रबंधन और रिसाइक्लिंग के महत्व के बारे में बताया गया। इस पहल ने बाड़मेर की जनता में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। यह विशेष सफाई अभियान 5 जुलाई तक चलेगा।

### आमजन को नई उम्मीद जगी

जिला कलक्टर टीना डाबी की अगुवाई में यह विशेष सफाई अभियान न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा है , बल्कि यह भी साबित करके दिखाया कि नेतृत्व और सामूहिक प्रयास मिलकर किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। बहरहाल वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान ने बाड़मेर में स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार किया है। इसने यह साबित किया कि जब समुदाय एकजुट होकर काम करता है, तो बड़े बदलाव संभव हैं। यह अभियान न केवल बाड़मेर, बल्कि पूरे राजस्थान में जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक मिसाल कायम कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 5 जून को बाड़मेर में शुरू हुआ था। इसमें आगामी 20 जून तक वृहद स्तर पर आमजन की भागीदारी के साथ स्वच्छता और जल संरक्षण गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

बाड़मेर शहर में शनिवार सुबह चार घंटे तक सफाई अभियान चला। इस दौरान तीन टीमों ने श्रमदान किया। बाड़मेर जिला कलक्टर ने टीबा डाबी ने झाड़ू लगाने के साथ फावड़े से कचरा भी उठाया। उन्होंने सड़कों पर फैले गुटखे के पाउच इकट्ठे किए। जिला कलक्टर की अपील पर दुकानदारों ने भी अपनी-अपनी दुकानों के बाहर सफाई की हमेशा सफाई रखने का भरोसा दिलाया। इस दौरान चौराहों की विशेष तौर पर सफाई करवाई गई।

### गौशाला का निरीक्षण

**बालोतरा,** (नि.सं.)। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने वंदे गंगा अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण जन भागीदारी को बढ़ावा देने के तहत पंचायत समिति समदड़ी की ग्राम पंचायत लालाणा में कुंपावास गांव जाकर पशुओं के लिए निर्मित खेली का लोकार्पण किया तथा उसके चारों तरफ कीचड़ नहीं हो इसके लिए खरंजा निर्माण के निर्देश दिए।

उसके पश्चात बरगद के पेड़ पर पशु पक्षियों के लिए चुग्गे और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो इसके लिए परिंडे बांधकर पक्षी प्रेम की प्रेरणा लोगों को प्रदान की। उन्होंने ब्रह्म धाम आसोतरा के तत्वावधान में चल रही नंदी शाला और गौशाला का निरीक्षण किया।

# जालोर के विहानराज सक्सेना ने अंतर्राष्ट्रीय वुशू प्रति. में जीता स्वर्ण

जालोर, (कासं)। मास्को में 1 से 7 जून तक आयोजित हुई मास्को स्टार वुशू चैम्पियनशिप में जालोर के विहानराज सक्सेना ने स्वर्ण व छवि चौधरी ने कांस्य पदक जीतकर भारत का मान बढाया है।

जिला वुशू संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने ने बताया कि जालोर की छवि चौधरी का चयन 75 किलो वजनवर्ग में व विहानराज सक्सेना का चयन 45 किलो वजनवर्ग में भारतीय वुशू टीम में हुआ था। प्रतियोगिता में शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए विहानराज सक्सेना ने अपनी पहली ही अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत लिया। वहीं छवि चौधरी ने लगातार दूसरी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक अर्जित किया है।दोनों ही खिलाडी जालोर खेल स्टेडियम स्थित वीर विरमदेव स्पोर्ट्स एकेडमी में कोच प्रितम सिंह राठौड से नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।भारतीय वुशू टीम से खेलते हुए जालोर के दोनों खिलाडयिों के मैडल जीतने पर राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, महासचिव ममता वर्मा, अंतर्राष्ट्रीय वुशू कोच राजेश कुमार टेलर, जिला वुशू संघ के संरक्षक दलपतसिंह आर्य,



मास्को स्टार वुशू चैम्पियनशिप में विहानराज सक्सेना ने स्वर्ण जीता।

कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल, राजस्थान आर्य वीर दल के अधिष्ठाता विनोद आर्य,आर्य वीर दल जालोर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, संचालक प्रशांत सिंह, जिला खेल अधिकारी भरत सिंह गुर्जर,राष्ट्रीय निर्णायक ललित कुमार, कांतिलाल आर्य,जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल,जगदीश आर्य, छगनलाल,छगननाथ,वूशु कोच देवेश आर्य,गणपत लाल आर्य, मोहनलाल आर्य, खेलो इंडिया कोच इमरान खान सहित खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं दी।